# झारखण्ड विधान सभा

# दैनिक विवरणिका

**षष्ठम् झारखण्ड विधान–सभा**
**संख्या–01**

**प्रथम सत्र**
**सोमवार, दिनांक–09दिसम्बर, 2024 ई०।**

**समय–11.00 बजे पूर्वा० से 12.51 बजे अप० तक।**

**(माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

**1.राज्यपाल महोदय से प्राप्त संदेश का पढ़ा जाना–**

माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभा सचिव द्वारा सदस्यों के शपथ/प्रतिज्ञान ग्रहण सम्बन्धी राज्यपाल महोदय के निम्न संदेशों को पढ़ा गया–

**संदेश–**

"भारत के संविधान के अनुच्छेद 180 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, संतोष कुमार गंगवार, झारखण्ड का राज्यपाल, झारखण्ड विधान सभा के सदस्य, प्रो० स्टीफन मराण्डी को, अध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न होने तक अध्यक्ष पद के कर्त्तव्यों का पालन करने निमित्त नियुक्त करता हूँ।"

रॉंची,
दिनांक–03 दिसम्बर, 2024

ह०/–
संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड

**संदेश–2**

"भारत के संविधान के अनुच्छेद 188 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, संतोष कुमार गंगवार, झारखण्ड का राज्यपाल, एतद् द्वारा–

(क) झारखण्ड विधान सभा के सदस्य, प्रो० स्टीफन मराण्डी को वह नियुक्त करता हूँ जिसके समक्ष विधान सभा के सदस्य शपथ या प्रतिज्ञान अध्यक्ष के निर्वाचन होने तक करेंगे।

(ख) अध्यक्ष को वह व्यक्ति नियुक्त करता हूँ, जिसके समक्ष विधान सभा के ऐसे सदस्य जिन्होंने शपथ या प्रतिज्ञान नहीं किया हो, अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद शपथ या प्रतिज्ञान करेंगे।"

रॉंची,
दिनांक–03 दिसम्बर, 2024

ह०/–
संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड

**संदेश–3**

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम–8 के उप नियम (1) के अनुसार मैं, संतोष कुमार गंगवार, झारखण्ड का राज्यपाल एतद् द्वारा झारखण्ड विधान सभा के अध्यक्ष के चुनाव के लिए दिनांक–10 दिसम्बर, 2024 की तिथि निर्धारित करता हूँ।

रॉंची,
दिनांक–03 दिसम्बर, 2024

ह०/–
संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड

## 2.माननीय प्रोटेम अध्यक्ष का सम्बोधन–

माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय द्वारा षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा के नव निर्वाचित माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 180 के अधीन उन्हें सौंपे गये दायित्वों के सम्बन्ध में शपथ/प्रतिज्ञान की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 188 के अधीन पूरी होने एवं दिनांक–10 दिसम्बर, 2024 की निर्धारित तिथि को विधान सभा अध्यक्ष के निर्वाचन की जानकारी दी गयी।

इसके पश्चात् माननीय अध्यक्ष, विधान सभा के नामांकन से सम्बन्धित प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में भी माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय के द्वारा विस्तृत रूप से निम्न उल्लेख किया गया–

नियम 8 (i) अध्यक्ष का निर्वाचन उस तिथि को होगा जो राज्यपाल निश्चित करे और सचिव प्रत्येक सदस्य को उस तिथि की सूचना भेजेगा,

(ii) –इस प्रकार नियत तिथि के पूर्व, दिन के मध्याह्न से पहले कोई भी सदस्य किसी भी प्रस्ताव को कि किसी अन्य सदस्य को सभा का अध्यक्ष चुना जाये सचिव को सम्बोधित लिखित रूप में सूचना दे सकेगा और उस सूचना का अनुमोदन एक तीसरा सदस्य करेगा तथा उसके साथ उस सदस्य का, जिसका नाम सूचना में प्रस्तावित किया जाये यह कथन संलग्न होगा कि निर्वाचित होने पर वह अध्यक्ष के रूप में कार्य करने को सहमत है,

परन्तु कोई सदस्य अपना स्वयं का नाम प्रस्तावित नहीं करेगा, न उसका अपना नाम प्रस्तावित करने वाले प्रस्ताव का अनुमोदन करेगा और न ही एक से अधिक प्रस्ताव प्रस्तावित या अनुमोदित करेगा।

(iii) –कार्यसूची में जिस सदस्य के नाम पर कोई प्रस्ताव हो, वह पुकारे जाने पर प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकेगा या प्रस्ताव वापस ले सकेगा और अपना कथन उस बात तक ही सीमित रखेगा।

(iv) –जो प्रस्ताव प्रस्तुत तथा विधिवत् अनुमोदित हो गये हों, वे एक–एक करके उसी क्रम में रखे जायेंगे, जिस क्रम में कि वे प्रस्तुत किये गये हों और यदि आवश्यक हुआ तो विभाजन द्वारा विनिश्चित किये जायेंगे। यदि कोई प्रस्ताव स्वीकृत हो जाये तो पीठासीन व्यक्ति बाद के प्रस्तावों को रखे बिना घोषित करेगा कि स्वीकृत प्रस्ताव में प्रस्तावित सदस्य सभा का अध्यक्ष चुन लिया गया है।

**इसके उपरांत माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय ने झारखण्ड के तमाम वीर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित करते हुए उनके सपनों को साकार करने और मिल करके झारखण्ड को आगे बढ़ाने की हार्दिक कामना भी की।**

## 3.शपथ/प्रतिज्ञान ग्रहण–

माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय द्वारा माननीय सदस्यों को सूचित किया गया कि उनकी सुविधा के **लिए आज सदन में संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित भाषाओं यथा हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, ऊर्दू, बांग्ला, संथाली, उड़िया तथा मैथिली के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा घोषित द्वितीय राजभाषा मगही, भोजपुरी, अंगिका, भूमिज, कुडुख(उराँव) मुण्डारी, हो, खड़िया, कुड़माली, खोरठा, नागपुरी एवं पंचपरगनिया में शपथ की व्यवस्था की गयी है साथ ही सदन को इस बात से भी अवगत कराया गया कि सदस्यगण** शपथ/प्रतिज्ञान के उपरांत **निर्धारित प्रपत्र पर हस्ताक्षर** अंकित करने के साथ उनके सामने रखे गये शपथ पंजी पर भी अपना **हस्ताक्षर अंकित करेंगे** तत्पश्चात् आसन की अनुमति से नवनिर्वाचित माननीय सदस्यों का शपथ/प्रतिज्ञान हेतु **बारी–बारी से सभा सचिव** द्वारा नाम पुकारा गया तदनुसार निम्नांकित माननीय सदस्यों ने शपथ/प्रतिज्ञान लिया–

| क्र०सं० | क्षेत्र संख्या | क्षेत्र का नाम | माननीय सदस्य का नाम | शपथ/प्रतिज्ञान की भाषा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 03 | बरहेट | श्री हेमन्त सोरेन | हिन्दी |
| 2. | 78 | छतरपुर | श्री राधाकृष्ण किशोर | हिन्दी |
| 3. | 52 | चाईबासा | श्री दीपक बिरूवा | हो |
| 4. | 69 | विशुनपुर | श्री चमरा लिण्डा | हिन्दी |
| 5. | 17 | गोड्डा | श्री संजय प्रसाद यादव | हिन्दी |
| 6. | 45 | घाटशिला | श्री रामदास सोरेन | संथाली |
| 7. | 09 | जामताड़ा | श्री इरफान अंसारी | बांग्ला |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8. | 13 | मधुपुर | श्री हफिजुल हसन | ऊर्दू |
| 9. | 18 | महागामा | श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह | अंगिका |
| 10. | 34 | गोमिया | श्री योगेन्द्र प्रसाद | हिन्दी |
| 11. | 32 | गिरिडीह | श्री सुदिव्य कुमार | खोरठा |
| 12. | 66 | मांडर | श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की | हिन्दी |
| 13. | 01 | राजमहल | मो० ताजुद्दीन | ऊर्दू |
| 14. | 02 | बोरियो | श्री धनंजय सोरेन | हिन्दी |
| 15. | 04 | लिट्टीपाड़ा | श्री हेमलाल मुर्मू | संथाली |
| 16. | 05 | पाकुड़ | श्रीमती निसात आलम | हिन्दी |
| 17. | 07 | शिकारीपाड़ा | श्री आलोक कुमार सोरेन | हिन्दी |
| 18. | 08 | नाला | श्री रवीन्द्रनाथ महतो | हिन्दी |
| 19. | 10 | दुमका | श्री बसन्त सोरेन | हिन्दी |
| 20. | 11 | जामा | श्रीमती लुईस मराण्डी | हिन्दी |
| 21. | 12 | जरमुण्डी | श्री देवेन्द्र कुंवर | हिन्दी |
| 22. | 14 | सारठ | श्री उदय शंकर सिंह | हिन्दी |
| 23. | 15 | देवघर | श्री सुरेश पासवान | हिन्दी |
| 24. | 16 | पोड़ैयाहाट | श्री प्रदीप यादव | हिन्दी |
| 25. | 19 | कोडरमा | डॉ० नीरा यादव | हिन्दी |
| 26. | 20 | बरकट्ठा | श्री अमित कुमार यादव | हिन्दी |
| 27. | 21 | बरही | श्री मनोज यादव | हिन्दी |
| 28. | 22 | बड़कागाँव | श्री रौशनलाल चौधरी | हिन्दी |
| 29. | 23 | रामगढ़ | श्रीमती ममता देवी | खोरठा |
| 30. | 24 | माण्डू | श्री निर्मल महतो | हिन्दी |
| 31. | 25 | हजारीबाग | श्री प्रदीप प्रसाद | हिन्दी |
| 32. | 26 | सिमरिया | श्री कुमार उज्ज्वल | हिन्दी |
| 33. | 27 | चतरा | श्री जनार्दन पासवान | हिन्दी |
| 34. | 28 | धनवार | श्री बाबूलाल मराण्डी | हिन्दी |
| 35. | 29 | बगोदर | श्री नागेन्द्र महतो | हिन्दी |
| 36. | 30 | जमुआ | श्रीमती मंजू कुमारी | हिन्दी |
| 37. | 31 | गाण्डेय | श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन | हिन्दी |
| 38. | 33 | डुमरी | श्री जयराम कुमार महतो | कुड़माली |
| 39. | 35 | बेरमो | श्री कुमार जय मंगल | हिन्दी |
| 40. | 36 | बोकारो | श्रीमती श्वेता सिंह | हिन्दी |
| 41. | 37 | चंदनकियारी | श्री उमाकांत रजक | हिन्दी |
| 42. | 38 | सिन्दरी | श्री चन्द्रदेव महतो | खोरठा |
| 43. | 39 | निरसा | श्री अरूप चटर्जी | बांग्ला |
| 44. | 40 | धनबाद | श्री राज सिन्हा | हिन्दी |
| 45. | 41 | झरिया | श्रीमती रागिनी सिंह | हिन्दी |
| 46. | 42 | टुण्डी | श्री मथुरा प्रसाद महतो | खोरठा |
| 47. | 43 | बाघमारा | श्री शत्रुघ्न महतो | हिन्दी |
| 48. | 44 | बहरागोड़ा | श्री समीर कुमार मोहंती | बांग्ला |
| 49. | 46 | पोटका | श्री संजीव सरदार | हिन्दी |
| 50. | 47 | जुगसलाई | श्री मंगल कालिन्दी | हिन्दी |
| 51. | 48 | जमशेदपुर (पूर्व) | श्रीमती पूर्णिमा साहू | हिन्दी |
| 52. | 49 | जमशेदपुर (प०) | श्री सरयू राय | हिन्दी |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 53. | 50 | ईचागढ़ | श्रीमती सबिता महतो | हिन्दी |
| 54. | 51 | सरायकेला | श्री चाम्पाई सोरेन | संथाली |
| 55. | 53 | मझगांव | श्री निरल पुरती | हो |
| 56. | 54 | जगरनाथपुर | श्री सोनाराम सिंकू | हो |
| 57. | 55 | मनोहरपुर | श्री जगत मांझी | हिन्दी |
| 58. | 56 | चक्रधरपुर | श्री सुखराम उराँव | हिन्दी |
| 59. | 57 | खरसावाँ | श्री दशरथ गागराई | हो |
| 60. | 58 | तमाड़ | श्री विकास कुमार मुण्डा | हिन्दी |
| 61. | 59 | तोरपा | श्री सुदीप गुड़िया | मुण्डारी |
| 62. | 60 | खूँटी | श्री राम सूर्य मुण्डा | मुण्डारी |
| 63. | 61 | सिल्ली | श्री अमित कुमार | हिन्दी |
| 64. | 62 | खिजरी | श्री राजेश कच्छप | हिन्दी |
| 65. | 63 | राँची | श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह | हिन्दी |
| 66. | 64 | हटिया | श्री नवीन जायसवाल | हिन्दी |
| 67. | 65 | कांके | श्री सुरेश कुमार बैठा | नागपुरी |
| 68. | 67 | सिसई | श्री जिगा सुसारन होरो | हिन्दी |
| 69. | 68 | गुमला | श्री भूषण तिर्की | उराँव |
| 70. | 70 | सिमडेगा | श्री भूषण बड़ा | उराँव |
| 71. | 71 | कोलेबिरा | श्री नमन विक्सल कोन्गाड़ी | हिन्दी |
| 72. | 72 | लोहरदगा | श्री रामेश्वर उराँव | कुड़ुख |
| 73. | 73 | मनिका | श्री रामचन्द्र सिंह | हिन्दी |
| 74. | 74 | लातेहार | श्री प्रकाश राम | हिन्दी |
| 75. | 75 | पांकी | श्री कुशवाहा शशिभूषण मेहता | मगही |
| 76. | 76 | डाल्टनगंज | श्री आलोक कुमार चौरसिया | हिन्दी |
| 77. | 77 | विश्रामपुर | श्री नरेश प्रसाद सिंह | हिन्दी |
| 78. | 79 | हुसैनाबाद | श्री संजय कुमार सिंह यादव | हिन्दी |
| 79. | 80 | गढ़वा | श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी | हिन्दी |
| 80. | 81 | भवनाथपुर | श्री अनन्त प्रताप देव | हिन्दी |

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक–10.12.2024 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक–09 दिसम्बर, 2024 ई०।

माणिक लाल हेम्ब्रम
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 53. | 50 | ईचागढ़ | श्रीमती सबिता महतो | हिन्दी |
| 54. | 51 | सरायकेला | श्री चाम्पाई सोरेन | संथाली |
| 55. | 53 | मझगांव | श्री निरल पुरती | हो |
| 56. | 54 | जगरनाथपुर | श्री सोरानाम सिंकू | हो |
| 57. | 55 | मनोहरपुर | श्री जगत मांझी | हिन्दी |
| 58. | 56 | चक्रधरपुर | श्री सुखराम उराँव | हिन्दी |
| 59. | 57 | खरसावाँ | श्री दशरथ गागराई | हो |
| 60. | 58 | तमाड़ | श्री विकास कुमार मुण्डा | हिन्दी |
| 61. | 59 | तोरपा | श्री सुदीप गुड़िया | मुण्डारी |
| 62. | 60 | खूँटी | श्री राम सूर्य मुण्डा | मुण्डारी |
| 63. | 61 | सिल्ली | श्री अमित कुमार | हिन्दी |
| 64. | 62 | खिजरी | श्री राजेश कच्छप | हिन्दी |
| 65. | 63 | राँची | श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह | हिन्दी |
| 66. | 64 | हटिया | श्री नवीन जायसवाल | हिन्दी |
| 67. | 65 | कांके | श्री सुरेश कुमार बैठा | नागपुरी |
| 68. | 67 | सिसई | श्री जिगा सुसारन होरो | हिन्दी |
| 69. | 68 | गुमला | श्री भूषण तिर्की | उराँव |
| 70. | 70 | सिमडेगा | श्री भूषण बड़ा | उराँव |
| 71. | 71 | कोलेबिरा | श्री नमन विक्सल कोन्गाड़ी | हिन्दी |
| 72. | 72 | लोहरदगा | श्री रामेश्वर उराँव | कुडुख |
| 73. | 73 | मनिका | श्री रामचन्द्र सिंह | हिन्दी |
| 74. | 74 | लातेहार | श्री प्रकाश राम | हिन्दी |
| 75. | 75 | पांकी | श्री कुशवाहा शशिभूषण मेहता | मगही |
| 76. | 76 | डाल्टनगंज | श्री आलोक कुमार चौरसिया | हिन्दी |
| 77. | 77 | विश्रामपुर | श्री नरेश प्रसाद सिंह | हिन्दी |
| 78. | 79 | हुसैनाबाद | श्री संजय कुमार सिंह यादव | हिन्दी |
| 79. | 80 | गढ़वा | श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी | हिन्दी |
| 80. | 81 | भवनाथपुर | श्री अनन्त प्रताप देव | हिन्दी |

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक–10.12.2024 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक–09 दिसम्बर, 2024 ई०।

माणिक लाल हेम्ब्रम
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।